NEERAJ®

Serving Education for Last 40 Years

# राजनीतिक समाजशास्त्र

## ( Political Sociology )

## B.S.O.C.-105

### B.A. Sociology (Hons.) - 3rd Semester

**Chapter Wise Reference Book**
**Including Many Solved Sample Papers**

*Based on*

C.B.C.S. (Choice Based Credit System) Syllabus of

# I.G.N.O.U.

**& Various Central, State & Other Open Universities**

By: *Shalini Singh*

**NEERAJ PUBLICATIONS**

*(Publishers of Educational Books)*

Retail Sales Office:

1507, First Floor, Nai Sarak, Delhi - 6 | Mob.: 8510009872, 8510009878

E-mail : info@neerajbooks.com Website : www.neerajbooks.com

**MRP ₹ 280/-**

Published by:

**NEERAJ PUBLICATIONS**

*(Publishers of Educational Books)*

Retail Sales Office: 1507, First Floor, Nai Sarak, Delhi - 6 | Mob.: 8510009872, 8510009878

E-mail : info@neerajbooks.com Website : www.neerajbooks.com

**© Copyright Reserved with the Publishers only.**

***Reprint Edition with Updation of Sample Question Paper Only***

Typesetting by: Competent Computers, Printed at: Novelty Printing Press

*Disclaimer/T&C*

1. *For the best & up-to-date study & results, please prefer the recommended textbooks/study material only.*
2. *This book is just a Guide Book/Reference Book published by NEERAJ PUBLICATIONS based on the suggested syllabus by a particular Board/University.*
3. *These books are prepared by the author for the help, guidance and reference of the student to get an idea of how he/she can study easily in a short time duration. Content matter & Sample answers given in this Book may be Seen as the Guide/Reference Material only. Neither the publisher nor the author or seller will be responsible for any damage or loss due to any mistake, error or discrepancy as we do not claim the Accuracy of these Solutions/Answers. Any Omission or Error is highly regretted though every care has been taken while preparing, printing, composing and proofreading of these Books. As all the Composing, Printing, Publishing and Proof Reading, etc., are done by Human only and chances of Human Error could not be denied. Any mistake, error or discrepancy noted may be brought to the publishers notice which shall be taken care of in the next edition and thereafter as a good gesture by our company he/she would be provided the rectified Book free of cost. Please consult your Teacher/Tutor or refer to the prescribed & recommended study material of the university/board/institute/ Govt. of India Publication or notification if you have any doubts or confusions regarding any information, data, concept, results, etc. before you appear in the exam or Prepare your Assignments before submitting to the University/Board/Institute.*
4. *In case of any dispute whatsoever the maximum anybody can claim against NEERAJ PUBLICATIONS is just for the price of the Book.*
5. *The number of questions in NEERAJ study materials are indicative of general scope and design of the question paper.*
6. *Any type of ONLINE Sale/Resale of "NEERAJ BOOKS" published by "NEERAJ PUBLICATIONS" in Printed Book format (Hard Copy), Soft Copy, E-book on any Website, Web Portals, any Social Media Platforms – Youtube, Facebook, Twitter, Instagram, Telegram, LinkedIn etc. and also on any Online Shopping Sites, like – Amazon, Flipkart, eBay, Snapdeal, Meesho, Kindle, etc., is strictly not permitted without prior written permission from NEERAJ PUBLICATIONS. Any such online sale activity of any NEERAJ BOOK in Printed Book format (Hard Copy), Soft Copy, E-book format by an Individual, Company, Dealer, Bookseller, Book Trader or Distributor will be termed as ILLEGAL SALE of NEERAJ BOOKS and will invite legal action against the offenders.*
7. *The User agrees Not to reproduce, duplicate, copy, sell, resell or exploit for any commercial purposes, any portion of these Books without the written permission of the publisher. This book or part thereof cannot be translated or reproduced in any form (except for review or criticism) without the written permission of the publishers.*
8. *All material prewritten or custom written is intended for the sole purpose of research and exemplary purposes only. We encourage you to use our material as a research and study aid only. Plagiarism is a crime, and we condone such behaviour. Please use our material responsibly.*
9. *All matters, terms & disputes are subject to Delhi Jurisdiction only.*

## Get books by Post & Pay Cash on Delivery :

If you want to Buy NEERAJ BOOKS by post then please order your complete requirement at our Website www.neerajbooks.com where you can select your Required NEERAJ BOOKS after seeing the Details of the Course, Subject, Printed Price & the Cover-pages (Title) of NEERAJ BOOKS.

While placing your Order at our Website www.neerajbooks.com You may also avail the "Special Discount Schemes" being offered at our Official website www.neerajbooks.com.

No need to pay in advance as you may pay "Cash on Delivery" (All The Payment including the Price of the Book & the Postal Charges, etc.) are to be Paid to the Delivery Person at the time when You take the Delivery of the Books & they shall Pass the Value of the Goods to us. We usually dispatch the books Nearly within 2-3 days after we receive your order and it takes Nearly 3-4 days in the postal service to reach your Destination (In total it take nearly 6-7 days).

Content

# राजनीतिक समाजशास्त्र

## ( Political Sociology )

*Question Bank – (Previous Year Solved Question Papers)*


Question Paper—June-2023 (Solved) ..... 1

Question Paper—December-2022 (Solved) ..... 1

Question Paper–Exam Held in July-2022 (Solved) ..... 1

Question Paper–Exam Held in March-2022 (Solved) ..... 1

Sample Question Paper–1 (Solved) ..... 1


| *S.No.* | *Chapterwise Reference Book* | *Page* |
|---|---|---|

**राजनीतिक समाजशास्त्र की समझ ( Understanding Political Sociology )**


1. राज्यतंत्र और समाज ..... 1
   ( Polity and Society )

2. राजनीतिक समाजशास्त्र : प्रकृति और क्षेत्र ..... 16
   ( Political Sociology: Nature and Scope )


**प्रमुख अवधारणाएँ ( Basic Concepts )**


3. राज्य और नागरिकता ..... 25
   ( State and Citizenship )

4. शक्ति और प्राधिकार ..... 45
   ( Power and Authority )

5. शासन, सरकार और शासकीयता ..... 58
   ( Governance, Government and Governmentality )

6. अभिजन वर्ग, शासक वर्ग और जनसमूह ..... 70
   ( Elites, Ruling Classes and Masses )

| S.No. | Chapterwise Reference Book | Page |
|---|---|---|

## राजनैतिक प्रणाली ( Political System )

7. खंडीय प्रणाली ............ 84
( Segmentary )

8. सर्वसत्तावाद ............ 96
( Totalitarianism )

9. लोकतांत्रिक ............ 112
( Democratic )

## रोजमर्रा में राज्य और सत्ता की स्थानीय संरचना
**( Everday State and Local Structure of Power )**

10. भारत में राज्य और समाज ............ 124
( State and Society in India )

11. स्थानीय स्वशासन ............ 137
( Local Self-Government )

12. सामाजिक आंदोलन और प्रतिरोध ............ 150
( Social Movements and Resistance )

■ ■

# Sample Preview
# of the
# Solved
# Sample Question
# Papers

*Published by:*

**NEERAJ**
**PUBLICATIONS**
www.neerajbooks.com

# QUESTION PAPER

*June – 2023*

*(Solved)*

## राजनीतिक समाजशास्त्र

**( Political Sociology )**

**B.S.O.C.-105**

*समय : 3 घण्टे ]* *[ अधिकतम अंक : 100*

***नोट :** किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। सभी प्रश्नों के अंक समान हैं*

**प्रश्न 1. सत्ता और प्राधिकार की धारणाओं की चर्चा, राजनीतिक के संदर्भ में कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-1, पृष्ठ-5, प्रश्न-3

**प्रश्न 2. राजनीतिक समाजशास्त्र की प्रकृति और क्षेत्र-विस्तार (scope) की चर्चा कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-2, पृष्ठ-17, 'राजनीतिक समाजशास्त्र का अर्थ', 'राजनीतिक समाजशास्त्र का क्षेत्र'

**प्रश्न 3. राज्य की उत्पत्ति पर मार्क्सवादी दृष्टिकोण की जाँच कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-3, पृष्ठ-34, प्रश्न-4

**प्रश्न 4. प्राधिकार के प्रकारों की चर्चा, उचित उदाहरण देते हुए कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-4, पृष्ठ-47, 'प्राधिकार के प्रकार'

**प्रश्न 5. शासकीयता पर फूको के विचार का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-5, पृष्ठ-60, 'शासकीयता'

**प्रश्न 6. कुलीन प्रस्थिति के रख-रखाव में सामाजिक नेटवर्क कैसे सहायक होता है? चर्चा कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-6, पृष्ठ-72, 'सामाजिक संजाल और ज्ञान : अभिजनवर्ग का संरक्षण' तथा पृष्ठ-76, प्रश्न 13

**प्रश्न 7. राज्यविहीन समाज के राजनीतिक सिद्धांतों की चर्चा कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-7, पृष्ठ-85, 'खंडीय समाज के राजनीतिक सिद्धांत'

**प्रश्न 8. भारत में स्थानीय स्वशासन के फील्ड-व्यू का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-11, पृष्ठ-139, 'भारत में स्थानीय सरकार का फील्ड-दृश्य (Field-View)'

■■

NEERAJ PUBLICATIONS www.neerajbooks.com

# QUESTION PAPER

*December – 2022*

*(Solved)*

**राजनीतिक समाजशास्त्र**

**( Political Sociology )**

**B.S.O.C.-105**

*समय : 3 घण्टे ]* *[ अधिकतम अंक : 100*

***नोट :** किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। सभी प्रश्नों के अंक समान हैं*

**प्रश्न 1. राजनीतिक समाजशास्त्र के क्षेत्र की चर्चा कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-2, पृष्ठ-20, प्रश्न-3

**प्रश्न 2. नागरिकता क्या है? चर्चा कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-3, पृष्ठ-32, प्रश्न-2

**प्रश्न 3. प्राधिकार के प्रकारों का उचित उदाहरण देते हुए वर्णन कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-4, पृष्ठ-47, 'प्राधिकार के प्रकार'

**प्रश्न 4. शासकीयता से आपका क्या अभिप्राय है? चर्चा कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-5, पृष्ठ-60, 'शासकीयता'

**प्रश्न 5. अभिजनों के विभिन्न प्रकारों का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-6, पृष्ठ-70, 'अभिजनों के प्रकार'

**प्रश्न 6. समकालीन भारत में कुछ जनजातियाँ कैसे खण्डीय समाजों की श्रेणी में आती हैं? चर्चा कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-7, पृष्ठ-86, 'भारत में खंडीय जनजातियाँ'

**प्रश्न 7. सामाजिक आन्दोलनों की मुख्य विशेषताओं को रेखांकित कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-12, पृष्ठ-150, 'परिभाषा', पृष्ठ-154, प्रश्न-3

**प्रश्न 8. लोकतांत्रिक राजनीतिक व्यवस्था के तत्वों की चर्चा कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-9, पृष्ठ-112, 'राजनैतिक प्रणाली के तत्व'

■■

NEERAJ PUBLICATIONS www.neerajbooks.com

# Sample Preview
# of
# The Chapter

*Published by:*

NEERAJ
PUBLICATIONS
www.neerajbooks.com

# राजनीतिक समाजशास्त्र
## ( Political Sociology )

## राजनीतिक समाजशास्त्र की समझ
## ( Understanding Political Sociology )

## राज्यतंत्र और समाज
## ( Polity and Society )

1

### परिचय

प्रारंभ में मनुष्य ने जंगली जानवरों के भय के कारण छोटे-छोटे समूहों में रहना शुरू किया। इस अवस्था को शिकारी या एकत्रित समाज कहा गया, लेकिन जैसे ही यह समूह विशाल रूप में उभरा और नेतृत्व की समस्या उत्पन्न हुई, अर्थात् शक्तिशाली लोगों द्वारा कमजोर लोगों का नेतृत्व किया गया। इसे ही बल का सिद्धांत कहा गया, लेकिन कमजोर और शक्तिशाली का निर्णय या तो युद्ध से लिया जा सकता है या आम सहमति से। इस संदर्भ में थॉमस हॉब्स ने सामाजिक अनुबंध के सिद्धांत का प्रतिपादन किया, जिसके अनुसार एक-दूसरे के अधिकारों का अतिक्रमण किए बिना एक-दूसरे के साथ रहना सम्मिलित है। यह प्रथा धीरे-धीरे लोकतंत्र के रूप में विकसित हुई। राज्य महत्त्वपूर्ण उपकरण के रूप में समाज पर नियंत्रण रखता है और समाज सामाजिक समूहों के रूप में लोगों को सहयोग एवं उनके अस्तित्व को बनाए रखने के लिए उन्हें एक साथ बाँधता है। इस प्रकार विभिन्न सामाजिक समूह विभिन्न संस्थागत तंत्रों द्वारा शासित होते हैं।

### अध्याय का विहंगावलोकन

#### राजनीतिक क्षेत्र

सामाजिक जीवन का कोई भी पहलू ऐसा नहीं है, जो राजनीति से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित न हो। राजनीतिक और सामाजिक प्राणी होने के नाते उससे संबंधित राज्य और सरकार दोनों संस्थाओं का अध्ययन करता है।

राज्यतंत्र (पॉलिटी) शब्द ग्रीक भाषा के शब्द 'पॉलिस' से लिया गया है, जिसका अर्थ है सरकार का एक अभ्रष्ट रूप, जिसमें कई लोग मिलकर जनता के आम हितों के लिए शासन करते हैं। इस प्रकार 'पॉलिटी' (राज्यतंत्र) शब्द राजनीतिक प्रणाली से संबंधित है। सामाजिक संबंध के शक्ति के आयामों को एक राजनीतिक प्रणाली के रूप में मान्यता दी जाती है। शक्ति शब्द का प्रयोग व्यापक एवं सीमित दोनों अर्थों में प्रयुक्तार्थ है।

#### राजनीतिक प्रणाली क्या है?

राजनीतिक प्रणाली जिसे राजनीतिक व्यवस्था के नाम से जाना जाता है। यह राजनीतिक शास्त्र के अध्ययन में एक महत्त्वपूर्ण अवधारणा है। राजनीतिक प्रणाली या व्यवस्था का संबंध उन सभी कार्यों व क्रियाओं से है, जो निर्णय करने तथा उन्हें लागू करने में सहायता करते हैं। राजनीतिक व्यवस्था समाज में कानूनी व्यवस्था बनाए रखने और समाज में परिवर्तन लाने वाली व्यवस्था है।

**डेविड ईस्टर्न** के अनुसार, "राजनीतिक व्यवस्था या प्रणाली समाज में अंत:क्रियाओं की वह व्यवस्था है, जिसके द्वारा मूल्यों की बंधनकारी एवं सत्ता संपन्न व्यवस्था की जाती है और लागू की जाती है।"

समाज में लोग सामाजिक संबंधों को अपने हितों को साधने के लिए स्थापित करते हैं। ये आत्महित कभी-कभी दूसरों के हितों और समाज के हितों के विपरीत कार्य करते हैं। शक्ति के साधनों का उपयोग करके लोग अपने हितों को साधते हैं तथा दूसरों के हितों को नियंत्रित करने का प्रयत्न करते हैं। यह स्थिति कभी-कभी संघर्ष का रूप ले लेती है। इस संघर्ष से निपटने के लिए शक्ति का प्रयोग करके लोगों के व्यवहार पर कुछ प्रतिबंध आरोपित किए जाते हैं। जब शक्ति संबंधों को व्यवस्थित और विशिष्ट कार्यों के लिए उत्तरदायी मानी जाती है, तो यह एक राजनीतिक प्रणाली का रूप ले लेती है। राजनीतिक प्रणालियों का विकास व्यक्ति और समूहों के बीच संबंध शक्ति और इसकी विभिन्न अभिव्यक्तियों के व्यवहार के अनुसार सुनियोजित होता है। ये प्रणालियाँ हमें साधारण समाज में ग्रामीण स्तर से लेकर उच्च संगठित राज्यों तक देखने को मिलती है।

#### शक्ति की धारणा

शक्ति कुछ करने या किसी व्यक्ति या वस्तु पर कार्य करने की क्षमता है। सामाजिक विज्ञान में शक्ति मूल अवधारणा है।

NEERAJ PUBLICAIONS www.neerajbooks.com

www.neerajbooks.com



इसका अर्थ उस प्रभाव से संबंधित है, जो कोई भी व्यक्ति, समूह या संगठन दूसरों के कार्यों को करवाने के लिए प्रयोग करता है। यदि किसी के पास सामाजिक शक्ति है तो वह उसका उपयोग दूसरे व्यक्ति पर वह सब करने का दबाव डालने के लिए करता है, जो वह दूसरे व्यक्ति से करवाना चाहता है। यह सामाजिक शक्ति अनिवार्य रूप से अंतर्वैयक्तिक संबंधों का एक पहलू है। राजनीतिक क्षेत्र में सामाजिक शक्ति का प्रयोग यदि एक मानदंड के रूप में किया जाता है, तो लगभग सभी मानवीय कार्य और पारस्परिक क्रियाएँ आएंगी और ये राजनीति के क्षेत्र को बहुत अधिक व्यापक एवं विस्तृत बना देंगी। इसके विपरीत राजनीतिक विद्वान इसका विरोध करते हैं। इस संबंध में उन्होंने निम्नलिखित तर्क दिये हैं–

**राजनीति के क्षेत्र का परिसीमन**–राजनीतिक विद्वानों ने तर्क दिया है कि राजनीति का यह दृष्टिकोण इसे एक बहुत-ही सामान्य स्थान और व्यापक विषय के स्तर तक कम कर देता है। इसलिए राजनीतिक वैज्ञानिक राजनीति के क्षेत्र को सीमित करते हैं और 'राजनीतिक' शब्द को उस क्षेत्र को प्राप्त करने के लिए सुरक्षित रखते हैं, जहां सामाजिक शक्ति का उपयोग निजी क्षेत्र के बजाय सार्वजनिक क्षेत्र में किया जाता है। उदाहरणस्वरूप, सत्ता राजनीति में पारिवारिक मामलों का कोई भी विषय राजनीति की श्रेणी में शामिल नहीं है। इसके विपरीत जब परिवार या उसके सदस्य दूसरों के विचारों और कार्यों को प्रभावित करके आस-पड़ोस या गाँव के मामलों में भाग लेते हैं, तो इसे राजनीति की श्रेणी में रखा जा सकता है।

**प्राधिकरण की अवधारणा**–राजनीतिक संबंधों के विशेष क्षेत्र को अधिक परिसीमित करने के लिए प्राधिकरण की अवधारणा को लागू करना आवश्यक होता है। यह शक्ति के उपयोग की वैधता को संदर्भित करने के लिहाज से आवश्यक है। समाज में लोग सत्ता का प्रयोग करने के लिए राजनीतिक प्राधिकरण के अधिकार को स्वीकृति देते हैं। इसका अर्थ है कि राजनीतिक संस्थानों की स्वीकृति एक स्पष्ट प्रणाली के अस्तित्व से है, जिसके माध्यम से प्राधिकार या शक्ति के वैध उपयोग का प्रचलन होता है। शक्ति प्राधिकार बन जाती है क्योंकि इस संबंध में सम्मिलित कर्त्ता आदेश जारी करने वालों की वैधता (कम या ज्यादा स्तर) स्वीकार करते हैं। वे स्वेच्छा से आदेशों का पालन करते हैं। इस तरह के व्यवस्थित राजनीतिक संबंधों को मुख्य रूप से राजनीतिक प्रणाली के रूप में व्यक्त किया जाता है।

**राजनीति का अधिक सीमित दृष्टिकोण**–राजनीति के क्षेत्र को और अधिक सीमित दृष्टिकोण के संदर्भ में मैक्स वेबर जैसे समाजशास्त्री ने राजनीतिक संबंधों को व्यक्तियों के संगठन तक सीमित कर दिया है। उनके अनुसार इस संगठन को क्षेत्रीय रूप से परिभाषित किया जाना चाहिए तथा इसको भौतिक बल की अंतिम स्वीकार्यता पर आधारित होना चाहिए। मैक्स वेबर राज्य की धारणा का उल्लेख राज्य के आधुनिक अर्थ में करते हैं। राष्ट्रीय स्तर पर राजनीतिक संबंधों का उल्लेख करने के लिए राजनीति के इस प्रतिबंधित अर्थ को समझना आवश्यक है। इसके विपरीत समाजशास्त्रियों ने यह भी तर्क दिया है कि राजनीतिक संबंध उन समाजों में भी उपस्थित है, जिनके पास राज्य जैसी विशिष्ट राजनीतिक संस्था नहीं है, जैसे–आदिवासी समाजों में राजनीतिक प्राधिकार क्षेत्र विशेष पर निर्भर नहीं करते हैं। उदाहरणस्वरूप, भारत में गुर्जर और यूरोप में रोमा या जिप्सी जैसी खानाबदोश जनजातियों के पास अपने पथभ्रष्ट सदस्यों के व्यवहार को नियंत्रित करने के लिए, विवादित मामलों को निपटाने के लिए, अपने सदस्यों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए परिषद् हैं।

## राज्य, राष्ट्र और समाज

राज्य, राष्ट्र और समाज राजनीति के अध्ययन के प्रमुख विषय हैं। आधुनिक युग में राष्ट्र और राज्य प्रायः एक जैसे हो गये हैं। राज्य की सीमाओं को ही राष्ट्रीय सीमाएँ कहा जाता है। आधुनिक राष्ट्र, राज्य और समाज का विकास मानव सभ्यता के बहुत लंबे इतिहास का परिणाम है। पश्चिमी यूरोपीय संदर्भ में ये तीनों शब्द समान हैं, किंतु सभी जगह ऐसा नहीं है।

**1. राज्य**–राज्य उस संगठित इकाई को कहते हैं, जो एक शासन (सरकार) के अधीन हो। राज्य संप्रभुता संपन्न हो सकते हैं। इसके अतिरिक्त किसी शासकीय इकाई या उसके प्रदेशों को भी 'राज्य' कहते हैं, जैसे–भारत के प्रदेशों को भी राज्य कहते हैं।

यूरोपीय चिंतन में राज्य के चार मूल तत्व बताए गए हैं।

1. निश्चित भू-भाग,
2. जनसंख्या,
3. सरकार और
4. संप्रभुता।

**मैक्स वेबर** ने राज्य को ऐसा समुदाय माना है, जो निर्दिष्ट भू-भाग में भौतिक बल के विधिसम्मत प्रयोग के एकाधिकार का दावा करता है।

**गार्नर** ने राजनीति विज्ञान का आरंभ और अंत राज्य को ही बताया है। राज्य के आवश्यक तत्व निम्नलिखित हैं–

1. प्रादेशिक क्षेत्राधिकार।
2. कम या अधिक गैर-स्वैच्छिक सदस्यता।
3. नियमों का एक समूह, जो संविधान के माध्यम से उसके सदस्यों के अधिकारों को परिभाषित करता है।
4. अपने सदस्यों पर सत्ता की वैधता का दावा करता है।

**राष्ट्र**–राष्ट्र उन लोगों का समूह है, जो किसी क्षेत्र, भाषा, नस्ल और रीति-रिवाजों के साथ पहचान करते हैं, जो आमतौर पर एक शहर या देश का निर्माण करते हैं। एक राष्ट्र के लोगों की अस्मिता, सांस्कृतिक, सामाजिक, ऐतिहासिक और राजनीतिक पहचान की विशेषता है। इस अर्थ में एक राष्ट्र की भावना को उन लोगों के समूह की राय के रूप में परिभाषित किया जा सकता है, जो उन संबंधों को साझा करते हैं, जिनके साथ वे सांस्कृतिक रूप से जुड़े होते हैं।

**समाज**–समाज शब्द का तात्पर्य सामाजिक संबंध से है, जो परस्पर जुड़े हुए हैं। एक-दूसरे के साथ व्यवहार करते हुए लोग सामाजिक संबंध बनाते हैं।

**मैकाइवर व पेज** के अनुसार, "समाज चलनों व प्रणालियों की सत्ता व पारस्परिक सहयोग की अनेक समूहों व भागों की, मानव व्यवहार के नियंत्रणों और स्वाधीनताओं की एक व्यवस्था है।"

NEERAJ PUBLICAIONS www.neerajbooks.com

www.neerajbooks.com

समाज में नियंत्रण के आवश्यक औपचारिक एवं अनौपचारिक साधन होते हैं, जिनके पीछे समाज की शक्ति व सहमति भी शामिल होती है। ये नियंत्रण के साधन विभिन्न स्तरों व क्षेत्रों में व्यक्ति व व्यक्ति, व्यक्ति व समूह एवं समूह के संबंध को नियंत्रित एवं निर्देशित करते हैं। समाज शब्द राज्य एवं राष्ट्र को समाविष्ट कर सकता है। उदाहरणस्वरूप, जर्मन समाज में पूर्वी जर्मनी, पश्चिमी जर्मनी, ऑस्ट्रेलिया, इटली स्विट्ज़रलैंड आदि के जर्मन भाषी लोग भी शामिल हो सकते हैं। एक ओर अन्य उदाहरण जैसे–हिंदू समाज में नेपाल, भारत, श्रीलंका और बांग्लादेश के नागरिक भी शामिल हो सकते हैं। इसी प्रकार राज्य के कई समाज शामिल हो सकते हैं, जैसे–भारतीय राज्य में क्षेत्र, धर्म या भाषा के आधार पर विविध समाज शामिल हैं। उदाहरणस्वरूप, भील, गोंड, नागा, आदिवासी समाज भारतीय राज्य का एक अभिन्न अंग हैं।

## राजनीति और समाज

**समाजशास्त्रीय अन्वेषण–**समाज के अंदर राज्य की अवधारणा एवं इसकी भूमिका पर पश्चिम के कुछ दार्शनिक जैसे–अरस्तू, प्लेटो, टॉकविल, ऑगस्त कॉम्टे, मार्गन और हर्बर्ट स्पेंसर ने राज्य प्रणाली और समाज से इसके संबंध की खोज करने का प्रयत्न किया। इनके अतिरिक्त हॉबहाउस, माइकल, पैरेटो, मैक्स वेबर, मैनहेम, पार्सन्स आदि विचारकों ने भी राज्यतंत्र और समाज के संबंधों को समझने में अपना महत्त्वपूर्ण योगदान दिया। इन विद्वानों का विश्लेषण समाज के विकास तथा राज्य के साथ उसकी भूमिका को समझने के लिए एक स्रोत के रूप में काम करता है। राज्य की व्यवस्था समाज के विभिन्न वर्गों के साथ स्वयं को जोड़ने का प्रयास करती है। इस अर्थ में राज्य समाज की एक इकाई के रूप में कार्य करता है। कालांतर में कार्ल मार्क्स ने समाज की राजनीतिक अर्थव्यवस्था निर्धारित करने के लिए राज्य की भूमिका पर जोर दिया। राज्य के माध्यम से एक क्षेत्र में राजनीतिक शक्ति का प्रयोग किया जाता है। राज्य और राज्यतंत्र का उद्देश्य कल्याण की धारणा को संरक्षित करना तथा संपूर्ण समाज को विकास और प्रगतिशील सामाजिक परिवर्तन की ओर अग्रसर करना है। समाज की प्रकृति न केवल राजनीति की भूमिका निर्धारित करती है, अपितु व्यापक रूप में आम नागरिकों को भी प्रभावित करती है। समाज में राजनीति की प्रकृति तथा लोगों की रुचि आपस में नहीं मिलती है। यह संघर्ष का कारण बन जाता है। इसलिए राज्य के प्रकरण तथा इसके राज्यतंत्र का कार्य लोगों की महत्त्वाकांक्षा के अंतर्गत आता है।

**मानवशास्त्रीय अन्वेषण–**मानवशास्त्रीय अध्ययन राज्यतंत्र और समाज के बीच संबंधों का एक महत्त्वपूर्ण विषय रहा है। मानवशास्त्रीय अध्ययनों के विषय में राज्यहीन समाज के कई प्रमाण हैं, जिसमें राजनीतिक प्रणाली का कार्य संगठित रूप में नहीं था। बाद में आधुनिक समाज का विकास राज्य और राष्ट्र-राज्य की धारणा के एक रूप को सामने लाया। हॉब्स, लॉक और रूसो ने व्यक्तिनिष्ठ रूपों में समाज के अंदर समाज और सामाजिक संबंधों की आवश्यकता को समझने का प्रयास किया।

## समाज, नागरिकता और लोकतंत्र

समाज उन लोगों का समूह है, जो मानदंडों और विनियमन के नियमों का पालन करते हुए संगठित रूप में एक साथ रहते हैं। नागरिकता एक राज्य क्षेत्र के भीतर लोगों का एक राजनीतिक अधिकार है। राज्य विभिन्न नियम बनाकर नागरिकता को नियंत्रित करके अधिक मजबूती से अपनी जड़ें जमाए हुए है। राज्य अपनी नीतियों और कार्यक्रमों के माध्यम से यह निर्धारित करता है कि किसी विशेष देश का नाम अपने जीवन और उनके जीवन और उपलब्ध संसाधनों पर क्या अधिकार रखता है। नागरिकता प्राप्त करने के अधिकार होने चाहिए, लेकिन विशेष क्षेत्र में रहने के लिए और विशेष क्षेत्र पर उनका दावा यह स्पष्ट नहीं करता है कि वह एक प्रकार की नागरिकता प्राप्त करके गरिमापूर्ण जीवन व्यतीत कर रहा है। उनकी नागरिकता सामाजिक स्थिति और उनकी संकल्प शक्ति के उत्थान के लिए एक राज्य के हस्तक्षेप पर निर्भर करती है।

**राजनीतिक संस्थाएँ : मुद्दे और परिप्रेक्ष्य–**भारत में गरीबी, जाति व्यवस्था, जातीयता, क्षेत्रीय प्रभाव और राजनीतिक संस्थानों जैसे विभिन्न मुद्दे हैं, जो राज्यव्यवस्था और समाज के संबंधों को सामाजिक रूप से अधिक संवेदनशील बनाते हैं। समाज में शासन की समस्या को विभिन्न मुद्दों के साथ जोड़ा गया है। सरकार की भूमिका और जिम्मेदारी भारत जैसे समतावादी समाज में, जो रूढ़िवादी परंपराओं से बँधा है और आधुनिक तरीके से समस्याओं से निपटना चाहता है, यह एक बहुत बड़ी चुनौती है।

भारत के विभिन्न राजनीतिक संस्थानों ने इन समस्याओं से निपटने के लिए आधुनिक दृष्टिकोणों का अनुसरण किया है, लेकिन राजनीतिक पार्टियों को भाई-भतीजावाद तथा भ्रष्टाचार ने लोगों को विश्वास खोने को मजबूर कर दिया है। उनकी नीतियों के प्रति भी लोगों का विश्वास समाप्त होता जा रहा है। परिणामस्वरूप राजनीतिक दल गरीबी, सामाजिक उत्थान और रोजगार सृजन के बजाय जाति और धर्म के आधार पर राजनीति कर रहे हैं। इसका तात्पर्य है कि विभिन्न राजनीतिक संस्थान जिनमें सामाजिक परिवर्तन के दीर्घकालिक मुद्दे जिनके लिए अथक प्रयास की आवश्यकता होती है, उन पर ध्यान केंद्रित करने की बजाय, परंपराओं से संबंधित सामाजिक मुद्दों पर अधिक ध्यान केंद्रित करते हैं। इस दृष्टि से यह स्थिति लोकतंत्र के लिए चिंता का विषय बन जाती है।

### भारत में सामाजिक मुद्दे और राज्यतंत्र

विविधता भारतीय समाज की एक महत्त्वपूर्ण विशेषता है। यह विविधता समाज में जाति, वर्ग, लिंग और जातीयता में प्रदर्शित होती है। राज्य अपनी नीतियों के माध्यम से असमानता और अभाव की समस्या का समाधान करने का प्रयास करता है। भारतीय समाज जाति व्यवस्था पर आधारित है। इसका आधार पदानुक्रम और असमानता के वैचारिक सिद्धांत है। भारतीय लोकतंत्र में जाति पर आधारित असामाजिक शोषण, अपमान तथा अभावों की समस्या को दूर करने की प्रक्रिया का विकास किया गया है। जाति की समस्या भारतीय सरकार के लिए हमेशा से ही चुनौतीपूर्ण रही है।

समाज में बहुत सारे सुधार हुए, जिसने जातिगत असमानता को प्रभावित किया। उदाहरणस्वरूप, आरक्षण नीति, जिसने बड़े सामाजिक और आर्थिक संरचना में सुधार लाने के लिए अमेरिकी सामाजिक नीति की सकारात्मक कार्यवाही से महत्त्वपूर्ण अवधारणा प्राप्त की। भारत में इस आरक्षण नीति का प्रमुख उद्देश्य भारतीय सामाजिक संरचना के साथ उपस्थित सामाजिक असमानता और भेदभाव को समाप्त करना है। इसके लिए विभिन्न स्तरों पर समाज में व्याप्त असमानता के साथ-साथ सामाजिक मूल्यों की रूढ़िवादिता को समाप्त करने के लिए कई प्रयास किये गये हैं। आरक्षण सिर्फ आर्थिक विकास के लिए नौकरियों में अवसर प्रदान करते हैं। यह सामाजिक असमानता की समस्या को दूर नहीं करता है। यह स्थिति भारत के नीति-निर्माताओं के लिए चुनौतीपूर्ण है, जो भारतीय समाज एवं इसके विपरीत के विषय में इसकी प्रकृति को समझने एवं जानने के लिए एक विस्तार क्षेत्र को उजागर करती है।

भारतीय समाज में व्याप्त अन्य समस्याओं में लैंगिक असमानता, पितृसत्तात्मक प्रणाली, जिसे महिलाओं के शोषण एवं उनकी समाज में कमजोर स्थिति का कारण माना जा सकता है और सामाजिक जड़ें हैं, जो अभी भी समाज में अपनी संरचना और सांस्कृतिक संबंध बनाए हुए है। भारत में स्वतंत्रता से पूर्व भी विभिन्न सामाजिक सुधार किये गये, जिससे महिलाओं की सामाजिक एवं सांस्कृतिक स्थिति को सुधारने का प्रयास किया गया। भारत में वर्गीय असमानता व्यापक रूप से फैली हुई है।

## वैश्वीकरण, राज्यतंत्र और समाज

प्रौद्योगिकी के बढ़ते उपयोग तथा इंटरनेट और तीव्र परिवर्तन ने वैश्वीकरण को एक नया रूप प्रदान किया है। वैश्वीकरण की प्रक्रिया प्राचीन काल से चली आ रही है। वैश्वीकरण के चलते समाज में वैश्विक संस्कृति के विरुद्ध प्रतिरोध भी दिखाई देता है। परिणामस्वरूप रूढ़िवादी आंदोलनों का उदय हुआ, जो विकास के पारंपरिक रूपों की रूढ़िवादी जड़ों की ओर लौटने के लिए प्रभावित लोगों के मध्य एक भावना को जन्म देता है। व्यापार और प्रवास में उभरी नई वैश्विक प्रवृत्तियों के साथ सरकार का ध्यान इस ओर सिकुड़ता जा रहा है।

एंथनी गिड्डन्स के अनुसार, "आधुनिकता का बड़ा प्रभाव वैश्वीकरण है।" वैश्वीकरण के विभिन्न प्रकारों और स्वरूपों के साथ, समय और स्थान ने न केवल सामाजिक जीवन को, बल्कि सांस्कृतिक प्रथाओं को भी पुन: परिभाषित किया है। इसे समय और स्थान का सुदूरीकरण कहा जाता है। गिड्डन्स ने कहा है कि बढ़ती हुई परस्पर निर्भरता वैश्वीकरण है। यह परस्पर निर्भरता सामाजिक और आर्थिक संबंधों में निहित है।

वैश्वीकरण की यह प्रक्रिया राज्य तथा इसके सभी कार्यात्मक उपकरणों की भूमिका तथा विकास के मुद्दे पर विभिन्न दृष्टिकोणों के माध्यम से परिलक्षित होती है। वैश्वीकरण की प्रक्रिया आर्थिक विकास पर आधारित नीति के नव-उदारवादी विचार का परिणाम है। इसका प्रभाव शासन के स्वरूप पर भी पड़ा है। इन नीतियों और कार्यक्रमों में गैर-सरकारी संगठनों की भूमिका बढ़ी है। वैश्वीकरण ने स्थानीय बाजार और सामाजिक परंपराओं को आधुनिक बाजार और सांस्कृतिक प्रथाओं द्वारा स्थापित करने के लिए तीव्र प्रयास किया है। इसके अतिरिक्त इसने सामाजिक-सांस्कृतिक विकास के प्रत्येक मुद्दे पर एक वैश्विक संपर्क स्थापित किया है। इसका प्रभाव हम जलवायु परिवर्तन और मानवाधिकार के मुद्दों के संदर्भ में देख सकते हैं।

भारत में केंद्र एवं राज्य सरकार के नेतृत्व में होने वाले विकास कार्यक्रमों के अंतर्गत गरीबी, पलायन, रोजगार और महिला शोषण और अल्पसंख्यक जैसे मुद्दों पर वैश्वीकरण बढ़ा है। वैश्वीकरण का प्रभाव शासन के बदलते स्तर पर भी दिखाई देता है। यह सामाजिक समस्याओं की अपेक्षा आर्थिक विकास पर अधिक ध्यान केंद्रित करता है। भारत के अलग-अलग क्षेत्रों में चल रहे कई मानव अधिकार आंदोलनों ने स्थानीय संसाधनों को बड़े और बहुराष्ट्रीय निगमों से बचाने के लिए मजबूत और उग्र संघर्ष का नेतृत्व करके महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

## बोध प्रश्न

**प्रश्न 1. सामाजिक संबंधों की क्रमबद्ध व्यवस्था के लिए दो अनिवार्य आवश्यकताएँ क्या हैं?**

**उत्तर**–सामाजिक संबंधों का तात्पर्य व्यक्तियों की उन सामाजिक क्रियाओं से है, जो अर्थपूर्ण ढंग से या किसी विशेष उद्देश्य को पूरा करने के लिए की जाती हैं, जैसे–कोई व्यक्ति अपनी जैविक अथवा सामाजिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए किसी दूसरे व्यक्ति के साथ कोई क्रिया कर रहा है, तब ऐसी क्रिया के परिणामस्वरूप स्थापित होने वाले संबंध को सामाजिक संबंध कहते हैं।

**सामाजिक संबंधों का निर्माण**–इन सामाजिक संबंधों का निर्माण सामाजिक संबंधों की क्रियाओं से होता है। सामाजिक अंत:क्रिया तीन स्तरों पर संभव है, यथा–

*(i)* व्यक्ति-व्यक्ति के बीच
*(ii)* व्यक्ति-समूह के बीच
*(iii)* समूह-समूह के बीच

इन तीन स्तरों पर जिन अंत:क्रियाओं का आदान-प्रदान होता है, उनके परिणामस्वरूप ही सामाजिक संबंधों का निर्माण होता है और इन संबंधों के परिणामस्वरूप ही समाज का निर्माण होता है।

सामाजिक संबंधों को स्थापित करने के लिए लोग एक-दूसरे के साथ संपर्क रखते हैं। ऐसा करने में वे अक्सर अपने आत्महितों का अनुसरण करते हैं, कभी-कभी ये आत्महित दूसरों के हितों और समाज के हितों के लिए भी विपरीत कार्य करते हैं। अपने हितों को साधने के लिए लोग शक्ति का प्रयोग करते हैं और दूसरों के हितों को नियंत्रित करने का प्रयास करते हैं। यह स्थिति संघर्ष को जन्म देती है, इसलिए सामाजिक संबंधों की क्रमबद्ध व्यवस्था बनाए रखने के लिए हमें संघर्ष को हल करने और लोगों की विविध गतिविधियों का समन्वय करने की आवश्यकता है। यह

NEERAJ PUBLICATIONS www.neerajbooks.com